हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 26 फरवरी 2026

11 किसान हित में बेहतर समन्वय से कार्य करें...



12 युवाओं के अनुशासन व नवाचार से होगी...



## खबर संक्षेप

### सुंदर नगर में युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**हिसार।** सुंदर नगर में किराए के मकान में रहने वाले एक 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक युवक जतिन के शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में मोर्चरी में भेज दिया। जतिन मूल रूप से गांव खांडा खेड़ी का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार जतिन शहर के सुंदर नगर में किराए के मकान में रहता था। जतिन ने मकान के सेकेंड फ्लोर पर लगी लोहे की ग्रिल में रस्सी डालकर खुद को फांसी लगा ली।

### लापता मजदूर का शव नहर से बरामद

**हिसार।** गांव खरकड़ी के एक निर्माणाधीन स्कूल में मजूदरी करने वाले एक युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक का शव छह दिन बाद मंगलवार की सायं गली-सड़ी हालत में स्याहड़वा पंप हाउस में मिला। मृतक की पहचान 19 वर्षीय प्रिंस वासी बिहार के रूप में हुई है। मृतक के शव का बुधवार को मोर्चरी में पोस्टमार्टम किया गया। इस मामले में पुलिस ने इत्तेफाकिया कार्रवाई की है। इस मामले में परिजनों की तरफ से प्रिंस के लापता होने की भी सूचना पुलिस को दी गई थी।

### सोने का ताबीज चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने घर में घुसकर सोने का ताबीज चुराने के एक आरापी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान खरड़ अलीपुर निवासी अजय के रूप में हुई है। खरड़ अलीपुर के युवक ने पुलिस को शिकायत दी थी कि पिछले वर्ष 14 दिसंबर को रात साढ़े 12 बजे के बाद उसकी माता जी के रोने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य जागे तो पाया कि उनकी उंगलियों में चोट तथा गले पर खरोंच के निशान थे। गले से लगभग आधा तोला वजन की दो सोने के ताबीज गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। हवलदार पंकज की टीम ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### निगम ने 19 बेसहारा पशु गो-अभ्यारण भेजे

**हिसार।** नगर निगम की टीम ने सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में बुधवार को पशु पकड़ो अभियान चलाया। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि टीम ने सेक्टर 15, पटेल नगर, आजाद नगर, सेक्टर 16-17, नई सब्जी मण्डी, मिलगेट, सातरोड क्षेत्र से 19 बेसहारा पशु पकड़े व उन्हें गो-अभ्यारण भेज दिया।

### सट्टा खाईवाली करता आरोपी गिरफ्तार

**हांसी ।** पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली करने के आरोपी को 1500 रुपयों सहित दबोचा है। आरोपी की पहचान लाल सड़क निवासी राहुल के रूप में हुई है। एएसआई कर्मबीर ने बताया कि गश्त के दौरान मिली सूचना पर सिविल ड्रेस में एक पुलिस कर्मी को बोगस सट्टेबाज बनाकर मौके पर भेजा गया। इशारा मिलते ही टीम ने आरोपी को धर लिया।

## शहर के प्रतिष्ठित न्यूरो सर्जन के आवास और अस्पतालों पर आयकर टीमों के छापे

# सुबह 6 से शाम 6 बजे तक खंगाला अस्पतालों का रिकॉर्ड

*कमर्शियल नंबर वाली गाड़ियों में रोहतक से सुबह 5 बजे हिसार पहुंची 8 टीमें, परिवार वालों के फोन भी कब्जे में लिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आयकर विभाग की टीमों ने शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक के अस्पतालों व आवास पर बुधवार तड़के सर्वे की कार्रवाई की है। ये टीमें आवास व अस्पताल से आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर रही है। सर्वे की यह कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। सर्वे में क्या कुछ आयकर टीमों को हाथ लगा है, इस बारे में कोई जानकारी खुलकर सामने नहीं आ रही है। सर्वे के कार्रवाई के चलते चिकित्सक के आवास व अस्पतालों के बाहर पुलिस को भी तैनात किया गया है।

बताया जा रहा है कि रोहतक की आयकर आयुक्त आईआरएस राजेंद्र सिंह की नेतृत्व में सर्वे की कार्रवाई की प्लानिंग की। इसके



हिसार। न्यूरोसर्जन का आवास, कार्रवाई के दौरान न्यूरोसर्जन घर पर ही थे।

लिए प्रदेश के अलग-अलग जिलों से टीम को रोहतक बुलाया गया और रोहतक से कमर्शियल नंबर की पीली नंबर प्लेट वाली गाड़ियों में बुधवार सुबह 5 बजे आयकर विभाग की 8 टीम हिसार पहुंची। करीब छह बजे आयकर विभाग की टीमें एक साथ शहर के प्रतिष्ठित न्यूरो सर्जन के सेक्टर 13 स्थित आवास के अलावा दो अस्पतालों एंट्री की। आयकर टीमों द्वारा सर्वे की कार्रवाई शुरू होने के साथ ही लोकल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लोकल पुलिस दिनभर न्यूरो सर्जन के आवास तथा अस्पतालों के बाहर बैठी रही। सर्वे की कार्रवाई कर रही जीएसटी टीमों के लिए बाहर से खाना मंगाया गया। न्यूरो सर्जन तथा उनके परिवारों के सदस्य को फोन टीम ने अपने कब्जे में ले लिए है। अस्पतालों व आवास के बाहर पुलिस भी तैनात है और किसी भी अंदर बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

### न्यूरो सर्जन व उनकी पत्नी की ओपीडी प्रभावित

आयकर की कार्रवाई के चलते न्यूरो सर्जन व उनकी पत्नी की ओपीडी प्रभावित रही। आयकर के सर्वे की कार्रवाई सुबह 6 बजे ही शुरू होने से पहले तो अस्पतालों में आवागमन को रोक दिया गया। सर्वे कार्रवाई से अस्पताल के कर्मचारी भी घबरा गए। कुछ देर बाद डॉक्टर दम्पत्ति को छोड़ अन्य चिकित्सकों की ओपीडी शुरू कर दी गई।

### करोड़ों के लेन-देन में रडार पर न्यूरो सर्जन

पता चला है कि आयकर विभाग टीम को सूचना मिली थी कि न्यूरो सर्जन कुछ ही दिनों में करोड़ों के लेन-देन में लगे हैं। हालही में उन्होंने शहर में नया 400 बेड का नया अस्पताल बनाया था और अपने पुराने अस्पताल को 100 करोड़ से अधिक की राशि में बेच दिया था। इसके अलावा न्यूरो सर्जन ने नेशनल हाइवे पर एक मॉल में बड़ा निवेश किया था। इसको लेकर न्यूरो सर्जन रडार पर चल रहे थे।

## अवैध कॉलोनी में बनी कच्ची सड़कों को जेसीबी से तुड़वाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जींद मार्ग पर स्थित एक निजी स्कूल के समीप एक अवैध कॉलोनी में जेसीबी चलवाकर कच्ची सड़कों को तहस-नहस किया गया। यह कार्रवाई डीटीपी दिनेश कुमार के नेतृत्व में की गई और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नायब तहसीलदार रविंद्र शर्मा मौजूद रहे। किसी अप्रिय घटना के बचाव के लिए मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। डीटीपी दिनेश कुमार ने बताया कि जींद मार्ग पर लगभग 10 एकड़ में बनी इस अवैध कॉलोनी में जेसीबी चलाई गई है। डीटीपी दिनेश कुमार ने बताया कि इन कॉलोनाइजरों को इस बारे में नोटिस वगैरह दिए गए थे परंतु इन कॉलोनाइजरों ने कोई गौर नहीं किया। इस अवसर पर जेई अमन व पटवारी शमशेर आदि मौजूद रहे।

### बाजारों और मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। बुधवार को निगम टीम ने रेलवे रोड से अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की। इसके बाद जिंदल चौक, निरंकारी भवन रोड, एमसी-डीसी कॉलोनी मार्केट और राजगुरु मार्केट में कार्रवाई की गई। तलाकी गेट से ऋषि नगर रोड, बस स्टेंड के आसपास के क्षेत्र, बस स्टेंड से बरवाला चुंगी, बरवाला चुंगी से नेशनल हाइवे पुल तथा बस स्टेंड से सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान तलाकी गेट और ऋषि नगर रोड से अवैध रूप से रखा सामान भी जब्त किया गया।

### नकदी छीनने के दोषी को 10 साल की कैद

**हिसार।** नकदी छीनने के मामले के दोषी अरुण को अदालत ने 10 साल की कैद और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में एक आरोपी भगौड़ा घोषित है। अदालत में चले अभियोग के अनुसार अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने 6 मार्च 2021 को छीनाझपटी का केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन के अजय चौहान ने बताया था कि 6 मार्च 2021 को सुबह मेरी स्टेशनरी एवं जनरल स्टोर के सामने एक बाइक आकर रुकी। बाइक पर दो युवक सवार थे। एक युवक बाइक से नीचे उतरा और दुकान पर आकर कुछ सामान मांगा। मैं अंदर सामान लेने के लिए चला गया। दुकान के काउंटर के पास मेरा बेटा भी बैठा था। शिकायतकर्ता के अनुसार युवक ने काउंटर की दराज खोलकर अंदर रखा रखा बैग निकाल लिया। इस पर मेरे बेटे ने उसका हाथ पकड़ा तो उसने बेटे को थप्पड़ मार दिया और बैग लेकर बाइक पर साथी के साथ फरार हो गया। बैग में 20 हजार रुपये थे।

## ट्राले की टक्कर लगने से बाइक सवार नर्सिंग छात्रा की मौत, चालक घायल

- दोस्त के साथ दवा लेने हिसार जा रही थी छात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक निजी स्कूल के पास मंगलवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में नर्सिंग कॉलेज की 22 वर्षीय छात्रा लक्ष्मी की मौत हो गई। लक्ष्मी अपने दोस्त पुनीत के साथ बाइक पर सवार होकर हिसार दवाई लेने जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्राला ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को हांसी नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान रोहतक निवासी लक्ष्मी के रूप में हुई है, जो मदीना स्थित एक नर्सिंग कॉलेज में जीएनएम की पढ़ाई कर रही थी। सूचना मिलने पर सोरखी पुलिस चौकी की टीम अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने बाइक चालक पुनीत के बयान पर अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में श्याम कॉलोनी रोहतक निवासी पुनीत ने बताया कि वह एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सीएनसी ऑपरेटर है। मंगलवार सुबह लक्ष्मी कॉलेज में कागजात लेने आई थी। तबीयत खराब होने के कारण उसने हिसार से दवाई लाने की बात कही। जब वे आरपीएस स्कूल गढ़ी के पास पहुंचे तो ट्राला ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हो गया।

### ट्रांसपोर्ट व्यवसायी से मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर हड़पे 48 हजार

**हांसी।** गांव बास आजमशाहपुर निवासी एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी से मोबाइल टावर लगवाने का झांसा देकर 48 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना हांसी में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में बास आजमशाहपुर के मुकेश शर्मा ने बताया कि 10 जनवरी को उन्होंने गूगल पर मोबाइल टावर लगाने संबंधी एक विज्ञापन देखा था। इसके बाद उन्होंने संबंधित वेबसाइट पर ऑनलाइन फॉर्म भरा। दो दिन बाद उन्हें दो अलग-अलग नंबरों से कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को इंडस टावर कंपनी का प्रतिनिधि बताया। उसने जल्द टावर लगवाने के लिए 30 हजार रुपये जमा कराने को कहा। शिकायतकर्ता मुकेश शर्मा के अनुसार उन्होंने 17 जनवरी को बताए यूको बैंक के खाते में गूगल पे के माध्यम से 30 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद 20 जनवरी को उन्हें दोबारा कॉल आई और कोर्ट से अथॉरिटी लाइसेंस बनवाने के नाम पर 18 हजार रुपये की और मांग की गई। इस पर उन्होंने 20 जनवरी को केनरा बैंक के खाते में 10 हजार रुपये और 21 जनवरी को 8 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ दिनों बाद मुकेश शर्मा को ठगी का संदेह हुआ। उन्होंने 27 जनवरी को राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद 24 फरवरी को उन्होंने साइबर क्राइम थाना हांसी में लिखित शिकायत भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल संदीप कुमार कर रहे हैं।

## कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया डिटेन, बाद में रिहा

- चंडीगढ़ में विधानसभा घेराव में जाने से पहले ही पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कांग्रेस की ओर से चंडीगढ़ में विधानसभा घेराव के ऐलान के बाद अलट हुई पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने कांग्रेस जिला ग्रामीण प्रधान बृजलाल बहबलपुरिया को चंडीगढ़ के लिए रवाना होने से पहले ही डिटेन कर लिया। उन्हें सदर थाना ले जाया गया, जहां से कुछ समय बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया चंडीगढ़ के लिए निकलने की तैयारी कर रही रहे थे कि सुबह उनके आवास पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने उन्हें डिटेन किया और सदर थाना ले जाकर बैठा दिया। जैसे ही समर्थकों को बृजलाल को हिरासत में लेने की सूचना पहुंची तो वे भी सदर थाना में पहुंचना शुरू हो गए। पुलिस ने समर्थकों को समझा-बुझाकर घर भेजा। उधर, जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने आरोप लगाया



हिसार। जिला अध्यक्ष बृजलाल के आवास पर पहुंची पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

कि सरकार शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक विरोध से इतनी भयभीत हो चुकी है कि सुबह अंधेरे में ही कांग्रेस नेताओं को नजरबंद करने जैसी कार्रवाई कर रही है। यह लोकतंत्र की हत्या है और जनता की आवाज को दबाने का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजदूर, किसान और गरीब वर्ग की सच्ची आवाज है। पुलिस बल भेजकर हमें रोका जा सकता है, लेकिन हमारी आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

## हाउस टैक्स बकाया पर सख्त हुई हांसी नगर परिषद, सर्विस स्टेशन किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

नगर परिषद ने हाउस टैक्स बकाया पर सख्त कार्रवाई की करते हुए तीन संपत्तियों पर दबिश दी। इसमें शांति निकेतन क्षेत्र के पास स्थित एक सर्विस स्टेशन को करीब एक लाख रुपये का टैक्स बकाया होने पर सील कर दिया गया। दो अन्य संपत्ति मालिकों ने मौके पर ही बकाया राशि जमा कराकर सीलिंग से राहत पाई। नप अधिकारियों ने बताया कि एक संपत्ति पर लगभग दो लाख रुपये और दूसरी पर करीब 20 हजार रुपये का बकाया था। टीम के पहुंचते ही दोनों मालिकों ने तुरंत टैक्स जमा कर दिया, जिससे उनकी संपत्तियों पर सीलिंग की कार्रवाई टल गई। सर्विस स्टेशन संचालक द्वारा बकाया जमा न कराने पर उसे सील किया गया।

### पहले ही जारी किए गए थे नोटिस

नगर परिषद सचिव एंजेल वायु ने बताया कि संबंधित संपत्ति मालिकों को पहले ही नोटिस जारी किए गए थे। बकाया जमा नहीं होने पर मजबूरन यह कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी टैक्स बकाएदारों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और सीलिंग से बचने के लिए समय पर हाउस टैक्स जमा कराना अनिवार्य है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए कार्रवाई के दौरान हरियाणा पुलिस के कर्मचारी भी नगर परिषद टीम के साथ मौजूद रहे। इस अभियान में क्लर्क रोशन, असिस्टेंट सत्यवान मलिक, ड्राइवर जसवीर तथा कर्मचारी सुमित, बलराम और विकास सहित अन्य स्टाफ ने भाग लिया।



हांसी। सर्विस स्टेशन बंद करते परिषद कर्मचारी।

## जाट एजुकेशन सोसायटी के चुनाव 12 अप्रैल को

- 296 सदस्यीय कॉलेजियम के लिए 14 हजार से अधिक सोसायटी सदस्य देंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के प्रतिष्ठित जाट एजुकेशन सोसायटी के चुनावों की घोषणा कर दी गई है। सोसायटी के पदाधिकारियों के अनुसार ये चुनाव आगामी 12 अप्रैल को होंगे।

इस संबंध में सीआर लॉ कॉलेज में पत्रकार वार्ता करते हुए सोसायटी के प्रधान दिलदार पूनिया, रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट प्रदीप सिंह बाजिया और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट अनिल श्योराण ने चुनाव की आधिकारिक तारीखों का ऐलान किया। चुनाव अधिकारी प्रदीप सिंह बाजिया और एआरओ अनिल श्योराण ने बताया कि जाट एजुकेशन सोसायटी के चुनाव आगामी 12 अप्रैल को होंगे।

उन्होंने बताया कि सोसायटी में 14605 सदस्य है। इनकी सूची सोसायटी के कार्यालय पर चस्पा कर दी गई है। बाजिया ने बताया कि 28 फरवरी से 7 मार्च तक मतदाता सूची पर दावे व आपत्ति दर्ज करवाई जा सकेगी। इसके बाद 26 व 27 मार्च को सोसायटी के 296 वार्डों के कॉलेजियम सदस्य के लिए नामांकन भरे जा सकेंगे। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 29 मार्च को नाम वापसी का समय रहेंगे। प्रत्येक वार्ड में 44 से 52 मतदाता है।

उन्होंने बताया कि मतदान 12 अप्रैल की सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान सीआरएम जाट कॉलेज, में कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के बाद उसी दिन शाम 4 बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी ने नोटिस जारी करते हुए बताया है कि यदि किसी इलेक्टोरल कॉलेज में उम्मीदवारों को बराबर मत मिलते हैं तो विजेता का फैसला लॉटरी (टॉस) के माध्यम से किया जाएगा।



हिसार। चुनाव की घोषणा करते चुनाव अधिकारी प्रदीप बाजिया, साथ में प्रधान दिलदार पूनिया व अनिल श्योराण। *फोटो : हरिभूमि*

### डीसी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# कड़े पहरे में हुई 12वीं की परीक्षा, आज 10वीं का गणित का इम्तिहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षाएं बुधवार को कड़े पहरे में शुरू हुई। परीक्षाओं के लिए हिसार व हांसी जिलेभर में 118 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर बुधवार को करीब 20 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने 12वीं की परीक्षा अंग्रेजी की परीक्षा दी। गुरुवार को दसवीं कक्षा का गणित का पेपर होगा।

उधर, हिसार जिले में परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकल रहित ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य को लेकर बुधवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पटेल नगर स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्रों के सुरक्षित वितरण, परीक्षार्थियों की बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय सुविधाओं, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता तथा सुरक्षा प्रबंधों की गहनता से जांच की। उन्होंने केंद्र अधीक्षकों एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की ढिलाई अथवा लापरवाही न बरती जाए। इसके पश्चात बालसमंद में परीक्षा केंद्र में पहुंचे। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु यदि जरूरी हो तो अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। आदमपुर सहित जिले के अन्य परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त महेंद्र पाल ने परीक्षार्थियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मितल, शिक्षा विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




नारनौंद : बास के सरकारी स्कूल में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीसी राहुल नरवाल व एसपी अमित यशवर्धन।

### एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**हांसी/नारनौंद।** जिले में चल रही बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए जिला उपायुक्त राहुल नरवाल व पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा केंद्र पर मौजूद कर्मचारियों को सख्त आदेश दिए कि परीक्षा के अंदर नकल पर पूर्ण रूप से रोकथाम लगाए। जिस भी केंद्र पर नकल करवाने की सूचना मिलेगी उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नारनौंद क्षेत्र में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राखी शाहपुर, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौंद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बास सहित अन्य परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस तैनाती, केंद्र के आसपास की गतिविधियों तथा परीक्षार्थियों के प्रवेश संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, नकल प्रयास या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो सके। परीक्षा केंद्रों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है तथा नियमित गश्त भी बढ़ाई गई है। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखते हुए परीक्षार्थियों को सुरक्षित एवं शांत वातावरण उपलब्ध करवाना प्राथमिकता रहे। किसी भी प्रकार की शिकायत या सूचना मिलने पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## हांसी में पुलिस ने अभियान चलाकर की कबाड़ियों की दुकानों की चेकिंग



**हांसी।** जिले में चोरी और संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने कबाड़ियों की दुकानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 69 कबाड़ियों के प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के निर्देशानुसार चोरी के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान चोरीशुदा सामान की खरीद-फरोख्त में कबाड़ियों की संभावित भूमिका सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रबंधकों और पुलिस चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं, उन्हें सूचीबद्ध कबाड़ियों के प्रतिष्ठानों की गंभीरता से जांच करने को कहा गया है। यदि किसी कबाड़ी के पास संदिग्ध या चोरी का सामान पाया जाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी जारी रहेंगे।





डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# केमिकल कलर्स से जब हो स्किन प्रॉब्लम



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले साल होली में रंग-गुलाल खेलने के बाद मेरी स्किन पर दाने और रैशेज हो गए थे। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे इस बार ऐसी प्रॉब्लम न हो।**

**-सौरभ, हिसार**

बाजार में तरह-तरह के केमिकल वाले रंग भी मिलते हैं। कई बार लोग इनका इस्तेमाल करते हैं। इसलिए इनके इस्तेमाल से खुद भी बचें और दूसरों को भी जागरूक करें। साथ ही रंग खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल का तेल या मॉयश्चराइजर लगा लें। नारियल तेल ज्यादा बेहतर रहेगा। साथ ही केवल हर्बल कलर का इस्तेमाल करें। एक ही बार मे रंग छुड़ाने की कोशिश ना करें। कई लोग एक ही बार में पूरा रंग छुड़ाने के लिए कई बार साबुन लगाते रहते हैं। ऐसा न करें। अगर थोड़ा हल्का भी हो जाए तो अगले दिन उतर जाएगा। इस तरह त्वचा को बचाया जा सकता है।

**मेरी उम्र 23 वर्ष है। अभी से ही मेरे सिर के आधे से अधिक बाल सफेद हो गए हैं। कृपया बताएं कि इसकी क्या वजह है और इसे कैसे ठीक किया जा सकता है?**

**-विकास, दुर्ग**

आजकल यंगस्टर्स में यह समस्या काफी देखी जा रही है। सबसे पहले आप बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के शैंपू का बदल-बदल कर इस्तेमाल करना बंद करें। साथ ही एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वे आपको कुछ शैंपू और साबुन बताएंगे, उनका इस्तेमाल करें और जरूरत पड़ी तो कुछ जांच कराएंगे। बगैर जांच करवाए कोई उपचार नहीं बताया जा सकता है।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। अकसर सुबह के समय मेरी आंखों के नीचे और चेहरे पर सूजन सी लगती है। कुछ देर बाद खुद ही नॉर्मल हो जाता है। यह किसी बीमारी का संकेत तो नहीं, कृपया बताएं।**

**-एक पाठक, ई-मेल से**

आंखों के नीचे सूजन आना कई बार शुगर बढ़ने के लक्षण भी होते हैं। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। सबसे पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर शुगर की जांच कराएं। अगर वह रिपोर्ट नॉर्मल निकलती है तो फिर डॉक्टर और भी जांच कराएंगे, जिससे कारण पता चलेगा और इलाज हो सकेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मुझे दिन भर मीठा खाने की क्रेविंग होती रहती है। प्लीज बताएं इससे मुझे डायबिटीज तो नहीं हो जाएगी? अपनी इस हैबिट को छोड़ने के लिए क्या उपाय करूं?**

**-कल्पेश, रायपुर**

कोई भी चीज लिमिट में खाना ठीक होता है, लेकिन जरूरत से ज्यादा खाना नुकसानदायक होगा। सबसे पहले आप दो चीजों पर गौर करें कि आपकी शुगर कितनी है और आप फिजिकल एक्टिविटीज कितनी करते हैं? क्योंकि अगर आपकी फिजिकल एक्टिविटीज कम हैं और शुगर कंट्रोल है तो भी आपको मीठा कम खाना चाहिए। मीठे में भी ऐसे आइटम खाएं, जिसमें शुगर कम हो। डीप फ्राई वाली चीजें बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी पिता की उम्र 74 वर्ष है। उनके गॉल ब्लैडर में स्टोन है। लेकिन डॉक्टर ऑपरेशन करने से मना कर रहे हैं। इससे उनको कोई प्रॉब्लम तो नहीं होगी? कृपया बताएं हमें क्या करना चाहिए?**

**-पंकज, बिलासपुर**

देखिए, अगर डॉक्टर ही मना कर रहे हैं ऑपरेशन करने के लिए, तो कोई न कोई उसका कारण होगा। इसलिए आप रिस्क ना लें और डॉक्टर द्वारा बताई गयी सावधानी बरतते हुए ही ट्रीटमेंट कराएं।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। मैं जब भी ट्रैफिक में होता हूं तो बहुत घबराहट महसूस होती है। इस वजह से घर से कम निकलता हूं। ऐसा क्यों होता है? प्लीज इसका कोई कारगर उपचार बताएं।**

**-अवधेश, कांकेर**

सबसे पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर अपनी सारी जांच कराएं, जिससे पता चल जाएगा कि यह किसी बीमारी के लक्षण तो नहीं हैं। अगर रिपोर्ट नॉर्मल है तो इसके बाद आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। कई लोगों को भीड़ से घबराहट होती है। वो इससे बचाव के उपाय बताएंगे। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडेय**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



हेल्थ एडवाइस

संध्या पांडेय

चीफ डाइटिशियन
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

हाल के वर्षों में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और गलत खान-पान के कारण वयस्कों से लेकर बच्चों में भी ओबेसिटी यानी मोटापे की समस्या बढ़ती जा रही है। असल में मोटापा कोई बीमारी नहीं है बल्कि यह एक ऐसी स्थिति है जो अनेक बीमारियों की आशंका बढ़ाती है। **वर्ल्ड ओबेसिटी डे (4 मार्च)** के अवसर पर आइए जानते हैं, मोटापे से संबंधित विभिन्न पहलुओं और इस पर नियंत्रण के बारे में।

# गुड हेल्थ के लिए है जरूरी ओबेसिटी को कंट्रोल करना





सारी दुनिया में ओबेसिटी एक बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम के रूप में सामने आ रहा है। इसके प्रति अवेयर करने के लिए ही वर्ल्ड ओबेसिटी डे मनाया जाता है। इस बार इस दिवस की थीम है- 8 बिलियन रीजंस टू एक्ट ऑन ओबेसिटी। इस थीम का आशय है कि दुनिया की 8 अरब आबादी के लिए मोटापे के खिलाफ कार्रवाई करने के अनेक कारण हैं। हमें हर हाल में मोटापे के प्रति सचेत रहकर इसे नियंत्रित करना है।

## कैसे तय होता है मोटापा

मोटापे के आकलन की सबसे प्रमुख विधि बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) है। कमर की माप से भी मोटापे का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन मान्य और प्रचलित विधि बीएमआई ही है। बीएमआई की गणना के लिए पहले किसी व्यक्ति के वजन को किलोग्राम में मापा जाता है और फिर उसे उसकी लंबाई (मीटर वर्ग) से विभाजित किया जाता है। सामान्य यानी स्वस्थ वजन वाले व्यक्ति का बीएमआई वैल्यू 23 से कम होना चाहिए। महिलाओं में कमर का घेरा 80 सेंटीमीटर से कम और पुरुषों में 90 सेंटीमीटर से कम होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को बीएमआई के संदर्भ में अपने डॉक्टर या फिर डाइटिशियन से परामर्श लेना बेहतर रहेगा।

## हो सकती है ये समस्याएं



मोटापे से ग्रस्त लोगों में उच्च रक्त चाप (हाई ब्लड प्रेशर), हृदय की बीमारियां, डायबिटीज टाइप 2, स्ट्रोक, अर्थराइटिस, सोते समय खर्राटे भरना या स्लीप एप्निया जैसी समस्याओं के होने का जोखिम कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। मोटापे से ग्रस्त गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक वजन के बढ़ने से उनके गर्भस्थ शिशु को भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा जो लोग पहले से ही उपरोक्त बीमारियों से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने वजन नियंत्रण पर डॉक्टर से परामर्श लेकर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी वे उपरोक्त समस्याओं को नियंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा जो नवयुवक या नवयुवतियां अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनके अंदर कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जैसे वे शारीरिक रूप से हीनता ग्रंथि के शिकार हो सकते हैं। उन्हें लोगों से मिलने-जुलने में अच्छा महसूस नहीं होता। यही नहीं, मोटापा और बांझपन (इनफर्टिलिटी) के बीच एक गहरा संबंध है। अधिक वजन और मोटापा महिलाओं और पुरुषों दोनों में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

## ओबेसिटी के प्रमुख कारण

- जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते या कम शारीरिक श्रम करते हैं, उनके मोटे होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापे के अधिकांश मामलों में एक व्यक्ति जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे बहुत अधिक कैलोरी ग्रहण करता है। शरीर द्वारा इस्तेमाल न की जाने वाली कैलोरी वसा के रूप में संचित हो जाती है।
- लगभग हर दिन अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार ग्रहण करना या फिर अकसर जंक फूड्स लेना कालांतर में मोटापे से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त जो लोग अपने खान-पान में फलों और सब्जियों को वरीयता नहीं देते हैं, वे भी मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।
- अकसर तनावग्रस्त रहना कालांतर में मोटापे का कारण बन सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। हार्मोंस के असंतुलन की स्थिति से भी मोटापा बढ़ सकता है।
- वंशानुगत कारण से भी मोटापा बढ़ सकता है। जैसे अगर मां-बाप अपने जीवन काल में मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं तो उनकी संतानों में भी मोटापा बढ़ने की आशंका काफी ज्यादा होती है।
- थायरॉइड ग्रंथि के विकार या असंतुलन से भी मोटापा बढ़ने की काफी आशंका रहती है।

## कब लें डॉक्टर से परामर्श

जिन लोगों का वजन बीएमआई के मानकों से परे जाकर बढ़ता जा रहा है या जो लोग पहले से ही मोटापे से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपको अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने और स्वास्थ्यकर खान-पान के संदर्भ में समुचित जानकारी देंगे। इस संदर्भ में डॉक्टर आपसे कुछ सवाल भी पूछ सकते हैं। जैसे आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर अन्य किसी रोग से पीड़ित तो नहीं हैं, फिलहाल आप क्या दवाएं ले रहे हैं, शराब या धूम्रपान के तलबगार तो नहीं हैं। आप कितनी देर तक व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं? इसके अलावा डॉक्टर आपकी बीएमआई भी चेक कर सकते हैं और अगर आपको कोई बीमारी है तो उससे संबंधित जांच भी करवा सकते हैं। डॉक्टर आपको डाइटिशियन के पास भी रेफर कर सकते हैं और इस संदर्भ में व्यायाम या योगासन के लिए किसी विशेषज्ञ को भी रेफर कर सकते हैं। अत्यधिक मोटापाग्रस्त होने की स्थिति में वे आपको बैरियाट्रिक सर्जन से परामर्श लेने की भी राय भी दे सकते हैं।

## मोटापे का सर्जिकल इलाज



**बैरियाट्रिक सर्जरी** एक प्रकार की सर्जरी है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक मोटापे का इलाज करना है। यह सर्जरी विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए होती है, जिनका बीएमआई 40 या उससे अधिक होता है, या जिनका बीएमआई 35-39.9 होता है और उन्हें मोटापे से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने आहार और व्यायाम के माध्यम से वजन घटाने की कोशिश की है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, तो बैरियाट्रिक सर्जरी का विकल्प दिया जा सकता है।

## मोटापा कम करने वाली दवाएं

इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मोटापा कम करने वाली दवाओं का सेवन अपने डॉक्टर से परामर्श लिए बगैर नहीं करना चाहिए। अत्यधिक मोटापा (मॉर्बिड ओबेसिटी) को नियंत्रण करने में दवाओं का एक सीमित योगदान है। ये दवाइयां डॉक्टर की निगरानी में ली जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि इनके साइड इफेक्ट भी होते हैं।

## इन बातों पर दें ध्यान

- डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर अपनी शारीरिक स्थिति और मेडिकल कंडीशन के अनुसार खान-पान का एक चार्ट बनवा लें और फिर उस पर अमल करें।
- मोटे अनाज या मिलेट्स वजन को नियंत्रित करने में सहायक हैं।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- नियमित रूप से व्यायाम करें, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और उसकी मेडिकल कंडीशन के अनुसार ही व्यायाम और उसका समय निर्धारित किया जाता है। इसलिए इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श जरूर लें।
- जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और तनाव को स्वयं पर हावी न होने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से भी मोटापा या वजन बढ़ सकता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन करें।
- खाना खाते समय टीवी या मोबाइल न देखें, इससे आप ओवरईटिंग से बचे रहेंगे, जो ओबेसिटी बढ़ाने का मुख्य कारण है।
- नमक, शुगर और प्रोसेस्ड फूड्स का कम से कम सेवन करें। *


**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

प्रिकॉशन

यह सही है कि होली उल्लास-उमंग का पर्व है। लेकिन इसे मनाते हुए भी अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। खासतौर पर अस्थमा, हाई बीपी और डायबिटीज पेशेंट्स, अगर यहां बताए जा रहे सुझावों को अमल में लाएंगे तो उनकी तबियत नहीं बिगड़ेगी।

# होली सेलिब्रेशन में बरतें सावधानी अस्थमा-बीपी-डायबिटीज पेशेंट्स





रंगों का त्योहार होली खुशियां और उमंग लेकर आता है, लेकिन अस्थमा, हाई ब्लड प्रेशर (बीपी) और डायबिटीज के मरीजों के लिए यह त्योहार और इन दिनों का मौसम कुछ अतिरिक्त सावधानियां बरतने की मांग करता है। हल्की सी लापरवाही उनके स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है, इसलिए त्योहार का आनंद लेते हुए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।

## अस्थमा पेशेंट्स के लिए यूजफुल सजेशंस

श्वास संबंधी रोगी होली खेलते समय किन बातों का ध्यान रखें इस बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर में कंसल्टेंट-पल्मनोलॉजी, **डॉ. आमिर नदीम** कहते हैं, 'होली पर उड़ने वाला गुलाल, धूल, धुआं और केमिकल युक्त रंग सांस के मरीजों के लिए गंभीर परेशानी पैदा कर सकते हैं। इन कणों के संपर्क में आने से सांस की नलियों में सूजन बढ़ सकती है और अस्थमा अटैक का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए अस्थमा मरीजों को कोशिश करनी चाहिए कि वे भीड़-भाड़ वाली जगहों और तेज धूल-धुएं से दूर रहें। होली खेलने के लिए केमिकल वाले गहरे रंगों की जगह फूलों से बने या हर्बल रंगों का इस्तेमाल ज्यादा सुरक्षित विकल्प है। घर से बाहर निकलते समय अच्छी क्वालिटी का मास्क जरूर पहनें, ताकि धूल और रंग सीधे श्वास नली में न जाएं। अपना रेस्क्यू इनहेलर और नियमित दवाएं हमेशा साथ रखें और दवा समय पर लेते रहें। जिन लोगों को परागकणों (पोलेन ग्रेंस) से एलर्जी है, वे खुले पार्क या बगीचों में खेलने से बचें। होली खेलने के बाद तुरंत स्नान कर लें और कपड़े बदल लें, ताकि त्वचा और बालों पर जमे कण सांस के जरिए अंदर न जाएं। अगर सांस फूलना, सीने में जकड़न, सीटी जैसी आवाज के साथ सांस आना या तेज खांसी की समस्या बढ़े तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।'

## बीपी पेशेंट्स बरतें ये सावधानियां

होली जैसे पर्व को सेलिब्रेट करते समय बीपी पेशेंट्स को भी सावधानी बरतनी चाहिए। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय** सलाह देते हैं, 'होली के दौरान खान-पान और उत्साह बढ़ने से हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। ज्यादा नमकीन, तला-भुना और मसालेदार भोजन ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है, इसलिए हल्का और संतुलित आहार लें और नमक का सेवन सीमित रखें। तेज डीजे और अत्यधिक शोर भी तनाव बढ़ाकर बीपी पर असर डाल सकता है, इसलिए शांत माहौल में रहें। अपनी नियमित दवाएं समय पर लें और पर्याप्त पानी पिएं, क्योंकि डिहाइड्रेशन से भी बीपी असंतुलित हो सकता है। कोशिश करें कि पर्याप्त नींद लें और अत्यधिक थकान से बचें। दिन में एक बार बीपी मॉनिटर कर लेना भी फायदेमंद रहता है। अगर चक्कर, तेज सिरदर्द, घबराहट या धुंधला दिखने जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत आराम करें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से सलाह लें।'



## डायबिटीज पेशेंट्स रखें इन बातों का ध्यान

होली के मौके पर डाइट में लापरवाही बरतने से डायबिटिक पेशेंट्स की तबियत बिगड़ सकती है। इससे बचाव के लिए श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी, **डॉ. साकेत कांत** सजेस्ट करते हैं, 'होली पर गुझिया, मिठाई और ठंडाई का काफी लोग सेवन करते हैं। लेकिन डायबिटीज मरीजों को मीठे का सेवन बहुत सीमित मात्रा में और सोच-समझकर करना चाहिए। कोशिश करें कि खाली पेट मीठा न खाएं और पहले सलाद, दाल या प्रोटीन युक्त हल्का भोजन लें, ताकि शुगर अचानक न बढ़े। दिन में नियमित रूप से ब्लड शुगर लेवल की जांच करते रहें और डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा या इंसुलिन समय पर लें। ज्यादा देर धूप में रहने, भाग-दौड़ या अनियमित खान-पान से भी शुगर लेवल ऊपर-नीचे हो सकता है। इसलिए समय पर भोजन करें और लंबा गैप न रखें। शरीर को हाइड्रेट रखना भी जरूरी है, क्योंकि डिहाइड्रेशन से शुगर असंतुलित हो सकती है। पर्याप्त पानी, छाछ या बिना शक्कर वाले पेय ही लें। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

## इन बातों पर भी करें अमल

होली के दौरान कुछ सामान्य सावधानियां बरतना सभी के लिए जरूरी है, इससे आप हेल्थ प्रॉब्लम्स से बचे रहेंगे।

- हमेशा हर्बल और स्किन-फ्रेंडली रंगों का ही उपयोग करें।
- शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेते रहें।
- भीड़-भाड़, धूल और धुएं वाली जगहों से दूरी बनाए रखें तथा किसी भी असामान्य लक्षण जैसे सांस लेने में दिक्कत, चक्कर, घबराहट या शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज न करें।

अवेयरनेस

डॉ. माजिद अलीम

आमतौर पर हम लोग जिन रोगों के बारे में जानते हैं, उनके अलावा भी हजारों रोग ऐसे हैं, जिन्हें दुर्लभ माना जाता है। दुनिया भर में करोड़ों लोग इनसे ग्रसित हैं। इनके बारे में सभी को पता होना चाहिए।

# दुर्लभ रोग सजगता के साथ संवेदनशीलता भी है जरूरी



हर साल 28 फरवरी को और लीप ईयर में 29 फरवरी को दुनिया भर में दुर्लभ रोग दिवस मनाया जाता है। यह तारीख साल की सबसे दुर्लभ तारीख का प्रतीक है ताकि ये याद दिलाया जा सके कि कुछ बीमारियां इतनी कम दिखती हैं कि वे समाज, चिकित्सा व्यवस्था और नीति निर्माताओं की नजर से भी ओझल रह जाती हैं। दरअसल, दुर्लभ रोग उन रोगों को कहते हैं, जो दुनिया के बहुत कम लोगों को होते हैं। लेकिन जिनका असर जीवन पर बेहद गहरा और अकसर आजीवन होता है। विडंबना यह है कि संख्या में कम होने के बावजूद दुर्लभ रोगों से पीड़ित लोगों की सामूहिक संख्या दुनिया भर में करोड़ों में है। शायद इसीलिए हर साल 28 या 29 फरवरी को यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है ताकि लोग दुर्लभ कही जाने वाली बीमारियों को लेकर सजग रहें।

**ऐसे होते हैं दुर्लभ रोगः** भारत में आमतौर पर दुर्लभ रोग उन्हें माना जाता है, जो दस हजार में से किसी एक व्यक्ति को या उससे भी कम लोगों को होते हैं। लेकिन ये रोग भले कम लोगों को होते हों, मगर इन रोगों की कम संख्या नहीं है। अब तक दुनिया में 7 हजार से ज्यादा ऐसे रोग चिन्हित किए जा चुके हैं, जिन्हें दुर्लभ रोग कहा जा सकता है। जैसे- प्रोजेरिया, फेनकोनी एनीमिया आदि। इनमें से अधिकांश रोग आनुवांशिक या जेनेटिक होते हैं यानी ये जन्म से जुड़े होते हैं। इन रोगों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इनके लक्षण जो सामान्य बीमारियों जैसे ही दिखते हैं, लेकिन ये सामान्य बीमारियां नहीं होती हैं। यही कारण है कि इनके निदान में वर्षों लग जाते हैं और हां, इनका इलाज भी बहुत महंगा होता है या कोई इलाज ही नहीं उपलब्ध होता है।

**पूरा जीवन होता है प्रभावितः** दुर्लभ रोग किसी एक अंग या समस्या तक सीमित नहीं होते हैं। वे व्यक्ति की पूरी जीवन यात्रा को प्रभावित करते हैं। शिक्षा, रोजगार, विवाह, सामाजिक स्थिति और स्वीकार्यता जैसे सभी सामाजिक पहलुओं पर इस दुर्लभ रोग का बहुत जबर्दस्त प्रभाव पड़ता है।

**स्वास्थ्य सजगता का महत्वः** दुर्लभ रोग दिवस मनाने का सबसे बड़ा उद्देश्य, लोगों को इनके बारे में जागरूक करना है। डॉक्टरों में, समाज में और सरकारों में, दुर्लभ रोगों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है। जागरूकता बढ़ने से सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि डॉक्टर शुरुआती लक्षणों को गंभीरता से लेते हैं और इसके निदान में लगने वाले वर्षों को कम करके महीनों में बदल देते हैं। लेकिन ऐसा तब होता है, जब सरकारें दवाओं, रिसर्च और सहायता योजनाओं के बजट तय करती हैं और लोगों को इनकी दहशत से मुक्ति दिलाती हैं। यह दिवस बताता है कि स्वास्थ्य की गंभीर समस्याओं के लिए हेल्थ एक्सपर्ट्स चिंतित हैं और पीड़ित लोगों के साथ हैं। इसलिए दुर्लभ रोगों के संबंध में बीमार को समय रहते जानकारी मिलना जरूरी है कि वह आखिर किस रोग से पीड़ित है और क्या यह उसकी पिछली पीढ़ियों से चला आ रहा रोग है? अगर ऐसा होता है तो कोशिश की जाती है कि आने वाली पीढ़ियां इन विशेष रोगों से पीड़ित न हों।

**अपने देश में भी है बड़ी चुनौतीः** यूं तो पूरी दुनिया के लिए दुर्लभ रोग एक गंभीर समस्या हैं, लेकिन भारत के लिए भी यह विकट चुनौती हैं। अनुमान है कि देश में 7 से 9 करोड़ तक लोग किसी न किसी दुर्लभ रोग से पीड़ित हैं। विशेषकर ऐसे रोगों से पीड़ित लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या ग्रामीण क्षेत्र में होती है, जहां विशेषज्ञों की भारी कमी होती है और जांच सुविधाएं बहुत सीमित होती हैं। अधिकांश इलाज आम आदमी की सीमा से बाहर होता है यानी इलाज में खर्च आने वाला बजट आम आदमी के बस में नहीं होता। इसलिए हाल के वर्षों में सरकार ने राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति बनाई है। लेकिन यह बात भी सही है कि इस दिशा में पर्याप्त कदम उठाने के लिए अभी काफी प्रयासों और संसाधनों की जरूरत है।

**दुर्लभ रोगों में समाज की भूमिकाः** दुर्लभ रोग दिवस हमें सोचने पर मजबूर करता है कि सभी तरह की बीमारियों से छुटकारा पाना केवल अस्पताल के जरिए संभव नहीं है। सामाजिक जागरूकता भी जरूरी है। *

**खबर संक्षेप**

### हकृवि का कृषि विकास मेला 28 से लाडवा में

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कुरुक्षेत्र जिले की लाडवा अनाज मंडी में 28 फरवरी से 1 मार्च तक दो दिवसीय कृषि विकास मेला लगाया जाएगा। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे जबकि कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### शमशेर सिंह प्रधान बने व नरेश गुणपाल महासचिव

**बरवाला।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास सभा बालक की एक मीटिंग रविदास मंदिर में हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से सभा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से प्रधान शमशेर सिंह, उपप्रधान मनदीप सिंह, महासचिव नरेश गुणपाल, सचिव अजय कुमार, सहसचिव सतीश कुमार, कोषाध्यक्ष आजाद सिंह, उपकोषाध्यक्ष रमेश कुमार, ऑडिटर कुलदीप सिंह व डॉ. राजीव, मुख्य संगठन सचिव प्रताप सिंह, संदीप सिंह व बलराज सिंह उर्फ शोलू, प्रचार सचिव बजरंग, डॉ. राजू, राजेश व सोनू , कार्यालय सचिव अजय गुणपाल, कार्यालय स्टोर कीपर विकास गुणपाल, अजय गुणपाल, लाइब्रेरी इंचार्ज मा. राजेश गुणपाल, विकास गुणपाल, सुखदेव सिंह को नियुक्त किया गया है।

### क्राइम समीक्षा को लेकर एसपी ने की मीटिंग

**हांसी।** एसपी अमित यशवर्धन ने बुधवार को अपने कार्यालय में डीएसपी व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की व अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ-साथ वर्तमान में चल रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकल रहित वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए।

### 26 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत एक धरा

**नारनौंद।** थाना बास पुलिस ने अवैध कच्ची शराब सहित एक युवक को गिरफ्तार किया हे। आरोपी की पहचान गांव राजथल निवासी दर्शन के रूप में हुई है। आरोपी से 26 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है।

### आदमपुर में 1 को दिखेगा खाटू धाम जैसा नजारा

**आदमपुर।** आदमपुर में श्री श्याम मित्र मंडल और श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति की ओर से रविवार एक मार्च को निकाली जा रही श्रीश्याम निशान एवं भव्य शोभा यात्रा की तैयारियां जोरों पर है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग व अमित गोयल ने बताया कि इस दिन आदमपुर में फाल्गुन पर खाटूधाम जैसा नजारा देखने को मिलेगा। निशान यात्रा को लेकर श्याम प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### छात्रों ने किया दमकल केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण

**हिसार।** स्मॉल वंडर स्कूल सेक्टर-15 कक्षा दूसरी के बच्चों ने फायर स्टेशन का विजिट किया, जहां उन्हें अग्नि सुरक्षा और अग्निशमन उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। फायर स्टेशन के अधिकारियों ने उन्हें अग्निशमन उपकरणों का उपयोग सिखाया और बताया कि उन्हें आग लगने की स्थिति में क्या करना चाहिए।

### लंबित मामलों को लेकर डीईईओ से मिले अध्यापक

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के शिष्टमंडल ने जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा की अध्यक्षता में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामरतन के साथ मीटिंग की। मीटिंग में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की राज्य उपप्रधान अलका व राज्य ऑडिटर पवन कुमार शामिल रहे। अध्यापक संघ के जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि शिष्टमंडल ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से अध्यापकों के लंबित मामलों को लेकर विस्तार से चर्चा कर जल्द समाधान की मांग उठाई।

---

### हकृवि में स्पार्क परियोजना के तहत तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

# किसान हित में बेहतर समन्वय से कार्य करें अनुसंधान व औद्योगिक संस्थान : सचदेवा

1. मैसी यूनिवर्सिटी, न्यूज़ीलैंड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है सम्मेलन
2. सतत कृषि व एग्रो इंडस्ट्रीज के विकास के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण जरूरीः वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में 'डेसीफरिंग दी पोटेंशियल ऑफ क्लाइमेट रेजिलिएंट फंक्शनल क्रॉप फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड एग्रो-इंडस्ट्रीज (डीपीसीएफसी-एसएएआई-2026)' विषय पर स्पार्क परियोजना के अंतर्गत तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे जबकि हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के निदेशक डॉ. सुजय रक्षित मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। यह सम्मेलन शिक्षा मंत्रालय की 'स्पार्क' परियोजना के अंतर्गत मैसी यूनिवर्सिटी, न्यूज़ीलैंड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालयों की अनुसंधान एवं



हिसार। पुस्तिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

औद्योगिक संस्थाओं के बीच मजबूत साझेदारी विकसित करने पर बल दिया ताकि विकसित तकनीकों का वास्तविक लाभ किसानों को मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि सतत कृषि और एग्रो इंडस्ट्रीज के विकास के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाना होगा। जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए जिनोमिक्स आधारित शोध करे वैज्ञानिकः डॉ. सुजय रक्षित मुख्य वक्ता भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के निदेशक डॉ. सुजय रक्षित ने जिनोमिक्स तथा सूक्ष्मजीव आधारित समाधानों के एकीकृत प्रयोग पर बल दिया ताकि जलवायु परिवर्तन से बेहतर ढंग से निपटा जा सके। सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, कृषि विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

---



हिसार। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

## एमएम कॉलेज फतेहाबाद की टीम ने पाया पहला स्थान

जाट कॉलेज में हुई इंटर कॉलेज इनोवेशन स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

छाजूराम मेमोरियल जाट कॉलेज की इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल तथा वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इंटर कॉलेज इनोवेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनोवेशन काउंसिल के संयोजक डॉ सुनील कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 17 टीमों ने भाग लिया तथा नवाचार एवं उद्यमिता से जुड़े नए विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य इंद्र सिंह लाखलान मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय हिसार से सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉ. कौर सिंह तथा टीआर कैपिटल लिमिटेड के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कॉलेज प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने उपस्थित जन का विधिवत स्वागत किया।

प्रतियोगिता में मनोहर मेमोरियल कॉलेज फतेहाबाद की टीम ने पहला स्थान, एफजीएम राजकीय महाविद्यालय आदमपुर की टीम ने दूसरा स्थान तथा राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मनोहर मैमोरियल कॉलेज फतेहाबाद की टीम से हरप्रीत कौर को बेस्ट प्रेजेंटर का अवार्ड मिला।

---



हिसार। सिद्ध चक्र मंडल विधान में अराधना करती महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## पुण्य की वृद्धि के लिए करें सिद्ध भगवान की पूजा : मुनिश्री

आठ दिवसीय सिद्ध चक्र मंडल विधान में श्रद्धालुओं ने अभिषेक किया

**हिसार।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में आयोजित आठ दिवसीय सिद्ध चक्र मंडल विधान में बुधवार को दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मस्ताभिषेक करके पूजा-अर्चना का आयोजन किया। इंद्र-इंद्राणियों ने भक्तिपूर्वक आराधना की। दिगंबर जैन पंचायत के सचिव राजीव जैन ने बताया कि विधानाचार्य पंडित प्रदीप शास्त्री ललितपुर वाले एवं विधानाचार्य पंडित अशोक शास्त्री हिसार ने सौधर्म इंद्र नवीन जैन एवं शुभम जैन द्वारा सभी इंद्राणियों के साथ मुनि श्री 108 विशद सागर महाराज, मुनि श्री 108 शिवसागर महाराज, एलेक 105 वैराग्य सागर महाराज के निर्देशन में विधिवत मंत्रोच्चारों द्वारा शांति धारा कराई। सह सचिव रितु जैन ने बताया कि विधान में सभी पुजार्थियों ने आत्म शांति के लिए सिद्ध चक्र मंडल विधान की आराधना की, जिसमें संगीतमय 48 श्रीफल मंडल पर चढ़ाए गए।

इस मौके पर मुनिश्री ने बताया कि जो पूज्य हो गए हैं, उनकी ही पूजा की जाती है। गृहस्थ जीवन को सुखमय बनाने के लिए मन, वचन और काया से पूजा करना श्रेष्ठ है। पुण्य की वृद्धि के लिए सिद्ध भगवान की पूजा करनी चाहिए, तभी आत्म कल्याण संभव है। उन्होंने सिद्ध चक्र मंडल विधान की महिमा बताते हुए कहा कि सिद्ध चक्र यंत्र से बड़ा कोई यंत्र नहीं है। प्रत्येक श्रावक को सिद्ध चक्र यंत्र का अभिषेक करना चाहिए।

---

## श्याम बाबा की जयकारों के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा बीड़ बबरान धाम

*श्री श्याम संकीर्तन व भंडारे के साथ मनाया बबरान नरेश प्रकटोत्सव*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ गायकों व भक्तों ने किया श्याम बाबा की महिमा का गुणगान

बीड़ बबरान धाम में चल रहा आठ दिवसीय 53वां बबरान नरेश प्रकटोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भंडारे व श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्री श्याम संकीर्तन के माध्यम से गायकों व भक्तों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान पूरा बीड़ बबरान धाम श्याम बाबा की जय के उदघोष से गुंजायमान हो उठा।



हिसार। बीड़ बबरान धाम में आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में उपस्थित गायक व श्रद्धालुगण।

बबरान नरेश प्रकटोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। प्रकटोत्सव के दौरान श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया। दरबार की आभा व सात्विकता देखकर भक्तगण अनायास ही नतमस्तक हो गए। श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेककर हारे का सहारा-श्याम बाबा हमारा का उदघोष किया और कष्टों के निवारण की कामना की। इस अवसर पर पूरे विधि-विधान से श्याम बाबा की आराधना व पूजा भी की गई। इस दौरान भक्तों ने बीड़ बबरान धाम में दशकों से अनवरत प्रज्वलित अखंड जोत व महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष के भी दर्शन किए। श्री श्याम संकीर्तन व भंडारे के दौरान प्रधान शिव कुमार सिंगल, बीड़ बबरान के सरपंच देवेंद्र नैन, महंत महाराज विनोद शर्मा व निज पुजारी विनय शर्मा सहित धाम से जुड़े विभिन्न सदस्य व श्रद्धालु भारी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान प्रसिद्ध गायक विकास बागड़ी, मास्टर बिन्नी, मास्टर राघव, सुभाष सैनी, लाडली दिव्या व श्रीधर कौशिक ने भजनों के माध्यम से समां बांध दिया। श्याम बाबा की महिमा सुनकर श्रद्धालु मस्त होकर नाचने व झूमने लगे।

---

## फिक्स्ड चार्ज, बढ़ी बिजली दरें फ्यूल सरचार्ज खत्म हो : संपत

*विद्युत नियामक आयोग के समक्ष सुनवाई में पूर्व मंत्री ने रखी मांग*

फ्यूल कॉस्ट समायोजन और क्रॉस सब्सिडाइजेशन को भी समाप्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक एवं पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह ने विद्युत नियामक आयोग के समक्ष मांग उठाई है कि फिक्स्ड चार्ज, बढ़ी हुई बिजली की दरें, फ्यूल सरचार्ज, फ्यूल कॉस्ट समायोजन और क्रॉस सब्सिडाइजेशन को तुरंत समाप्त किया जाए।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सरकार की उदय योजना 2015 में हरियाणा में लागू की गई थी और निगमों के 25 हजार 950 करोड़ रुपये का ऋण अपने जिम्मे लिया परंतु निगमें फिर ऋण और घाटे के जाल में फंस चुकी है।

प्रो. सपंत सिंह बुधवार को गुजवि में हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के सामने हुई सुनवाई के दौरान अपनी बात रख रहे थे। सुनवाई के दौरान चेयरमैन नंदलाल शर्मा, सदस्य मुकेश गर्ग, शिव कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों केन्द्रीय विद्युत मंत्री ने संसद में बताया कि हरियाणा विद्युत निगमों पर मार्च, 2025 तक 20 हजार 311 करोड़ रुपये का ऋण बकाया है और निगमों का घाटा बढ़कर 27 हजार 915 करोड़ रुपये हो गया है। निगमों की स्थिति फिर से चिंताजनक होती जा रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष से दरों के अतिरिक्त सभी उपभोक्ताओं पर अनावश्यक फिक्स्ड चार्जिज थोप दिए गए हैं। घरेलू उपभोक्ताओं पर 50 से 75 रुपये प्रति किलोवाट बिल की दरों में जोड़ दिया है।

इसी तरह जहां औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरें तो बढ़ाई है परंतु साथ में फिक्सड चार्ज भी 165 रुपये प्रति किलोवाट की जगह 290 रुपये प्रति किलोवाट कर दिए है जबकि दिल्ली और राजस्थान में फिक्स्ड चार्जिज 125 रुपये और 160 रुपये प्रति किलोवाट है।

---

## 57 लाख स्कूली बच्चों को मिलेगी मौखिक आरोग्य शिक्षा

■ सरकारी व निजी स्कूलों की मौजूदा शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया जाएगा

**हिसार।** कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने प्रदेश सरकार के साथ मिलकर अपनी प्रमुख पहल 'ब्राइट स्माइल्स, ब्राइट फ्यूचर्स' के राज्यव्यापी विस्तार की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत हरियाणा के लगभग 57 लाख स्कूली बच्चों तक मौखिक स्वास्थ्य शिक्षा पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कंपनी की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रभा नरसिम्हन ने कहा कि हरियाणा में इस कार्यक्रम को सरकारी और निजी विद्यालयों की मौजूदा शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया जाएगा। विशेष रूप से प्रारंभिक कक्षाओं में निवारक देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि बच्चों में छोटी उम्र से ही सही ब्रशिंग आदत, समय पर टूथब्रश बदलने की समझ, तंबाकू से दूरी और पोषण संबंधी जागरूकता विकसित हो सके। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य समन्वयक (उद्योग) सुनील शर्मा, आईआईटी रोपड़ से मुख्य संपर्क अधिकारी आदित्य मदन तथा तर्क फाउंडेशन के संस्थापक साझेदार मनोविराज सिंह और लक्षना अस्थाना सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रंग रंगीला रास रसीला फागुन मेला में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**हिसार।** रंग रंगीला रस रसीला चार दिवसीय फाल्गुन मेला के पहले दिन श्री श्याम मंदिर 16-17 में भक्तो की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह श्याम बाबा, राधा कृष्ण, हनुमान जी, गणपति जी, शिव परिवार एवं मैया रानी का ड्राई फ्रूट से बनी मालाओं से आलौकिक सिंगार किया गया। सभी भगवानों को वृंदावन से बनवाई गई विशेष जारी की पोशाक पहनाई गई। मंदिर के आसपास के क्षेत्र में भव्य लाइटिंग एवं कोलकाता से आए कुशल कारीगरों द्वारा वृंदावन के निज ठाकुर सप्त निधि थीम पर अद्भुत सजावट की गई है। सजावट को देखने के लिए भक्तों भारी भीड उमड़ी रही है। लोग कतारों में खड़े होकर बाबा के दर्शनों को आतुर दिखे। खाटू वाले की जय, हारे के सहारे की जय, तीन बाणधारी की जय, की गूंज के साथ पूरा वातावरण श्री श्याममय हो गया। सांय भजन संध्या में कोलकाता से आए भजन गायक गोविंद दमानी ने बाबा की महिमा का गुणगान करते हुए समां बांध दिया। व्यवस्था बनाने मे मंदिर समिति के प्रधान दिनेश बिंदल, विनोद अग्रवाल, रामकुमार गोयल, रमेश मित्तल, त्रिलोक बंसल, आशीष जैन, औम प्रकाश गोयल, विनोद गुप्ता, राकेश अग्रवाल, दिनेश गोयल, अजय जैन, राजकुमार जैन, विनोद सिंघल, महेंद्र जिंदल, सतीश बंसल, सुनील अग्रवाल, अमित जैन, सुभाष सैनी मौजूद रहे।

---

*सीआर लॉ कॉलेज में नैतिक मूल्यों पर विस्तार व्याख्यान*

## पुरातन काल में प्रतिपादित सिद्धांत आज भी प्रासंगिक व प्रेरणादायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सीआर लॉ कॉलेज में नैतिक मूल्यों विषय पर एक प्रेरणादायक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह कार्यक्रम जाट शिक्षण संस्थान के प्रेसिडेंट दिलदार सिंह पूनिया, सेक्रेटरी एडवोकेट परविंदर मलिक और कोषाध्यक्ष सागर सिवाच के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महावीर सिंह पूनिया, पूर्व उप-मुख्य लेखा परीक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि पुरातन काल में बड़ों के आदेश को धर्म और कर्तव्य समझकर स्वीकार किया जाता था। लोग मन, वचन और कर्म से उनके



हिसार। विस्तार व्याख्यान में उपस्थित मुख्य वक्ता, कॉलेज प्राचार्य व अन्य।

निर्देशों का पालन करते थे और उनके सम्मान का पूरा ध्यान रखते थे। पुरातन काल में प्रतिपादित सिद्धांत आज भी वैज्ञानिक दृष्टि से प्रासंगिक एवं प्रेरणादायक हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने कहा कि विधि के विद्यार्थियों के लिए नैतिकता का विशेष महत्व है, क्योंकि न्याय व्यवस्था की नींव ही नैतिक सिद्धांतों पर आधारित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में उच्च आदर्शों को अपनाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति बूरा ने की। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. संतोष कुमारी, डॉ. अनीता, कैलाशवती, कृष्णा, शिवानी आदि मौजूद थे।

---

### जिला बाल कल्याण परिषद ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि स्थानीय मिनी बाल भवन कार्यालय को अब जिला बाल कल्याण परिषद के नाम से जाना जाएगा। राज्य सरकार द्वारा नए नाम को मंजूरी प्रदान कर दी है। राहुल नरवाल बुधवार को जिला सचिवालय परिसर में जिला बाल कल्याण परिषद कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मिनी बाल भवन का नाम बदलवाने के लिए तीन नामों का सुझाव प्रस्ताव भेजा गया था। इनमें बाल सुरक्षा कल्याण समिति तथा नवजीवन बाल कल्याण समिति नाम भी शामिल थे।

---

**खेल**

### राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# दिव्या की छलांग सबसे लंबी, 800 मीटर रेस में साहिल प्रथम

■ पूर्व विधायक बिश्नोई ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता भव्य बिश्नोई ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश की सरकार भी खिलाड़ियों को पूरा मान सम्मान व





आदमपुर। अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित करते पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई व खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्रा।

आर्थिक सहयोग कर रही है। यही नहीं खेलों में अव्वल रहने वाले खिलाड़ियों को रोजगार व नकद पुरस्कार भी दिए जा रहे हैं। इस मौके पर खेल इंचार्ज विजेंद्र सिंह ने खेल एवं संस्थान की गतिविधियों का लेखा जोखा पेश किया। इस मौके पर ठाकुरदत पंवार, जयवीर गिल, विनोद इलाहाबादी, राजेश गर्ग, राजन ग्रोवर, गोलू राम मिस्त्री, राजारा पंवार, पृथ्वी, विनोद नामदेव, आदि मौजूद रहे।

**यह रहे परिणाम :** लड़कों की 800 मीटर दौड़, साहिल प्रथम, गजेंद्र द्वितीय व मनदीप तृतीय, लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में निधि प्रथम, दिव्या द्वितीय व कोमल तृतीय, लड़कियों की लंबी कूद में दिव्या प्रथम, निधि द्वितीय व कोमल तृतीय तथा लड़कों की लंबी कूद में अमनदीप प्रथम, हर्ष द्वितीय व साहिल तृतीय स्थान पर रहा।

लड़कियों का डिस्कस थ्रो में निशा प्रथम, दिव्या द्वितीय व रेनू तृतीय, लड़कों के शॉट पुट मुकाबले में दीपक प्रथम, हर्ष द्वितीय व मनजीत तृतीय, लड़कों का डिस्कस थ्रो में नवीन प्रथम, गुलशन द्वितीय व परवेश तृतीय, लड़कियों का जैवलिन थ्रो में रेनू प्रथम, निधि द्वितीय व दिव्या तृतीय, लड़कों का जैवलिन थ्रो में अमनदीप प्रथम, पंकज द्वितीय व नवीन कुमार तृतीय स्थान पर रहा।

---

### बरवाला में होली मिलन समारोह व सांग 1 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

पुरानी अनाज मंडी में आगामी 1 मार्च को होली मिलन समारोह एवं सांग का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू व युवा नेता संजीव गंगवा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा। उन्होंने बताया कि इस दौरान डॉ. सतीश कश्यप द्वारा सांग प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोनू संदूजा, सुखविंदर जाखड़, विनोद कुमार बंसल, सुंदर गोयल, रामकेश बंसल, मुकेश भारद्वाज, रवीश भ्याण, पवन बेनीवाल, विनोद कुमार, प्रवेश लंबोरिया व मोनू सरपंच पंघाल आदि भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए 28 तक आवेदन आमंत्रित

**हिसार।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विद्यार्थियों के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण कर आवेदन करना अनिवार्य होगा। विद्यार्थी 28 फरवरी तक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सरकारी अथवा निजी शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### एक मार्च को चंदन से खेली जाएगी होली

**हिसार।** साधकों को खुशनुमा व ऊर्जा से भरपूर माहौल देने के लिए ओशो ध्यान उपवन में एक मार्च को होली महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि इस दिन प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक ध्यान सत्र का आयोजन होगा। इसके उपरांत लंगर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही साधक एक-दूसरे को चंदन लगाकर केमिकल रंगों से मुक्त होली मनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रातः से सायंकाल तक ध्यान, नृत्य, लंगर व संघ ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

### जाट सेवा संघ ने मलिक के बयानों पर जताई आपत्ति

**हिसार।** जाट सेवा संघ, जसिया के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चेयरमैन ने यशपाल मलिक द्वारा नौलथा गऊशाला, पानीपत में जो समाज को आपस में लड़ाने का बयान दिया है, उसकी कड़े शब्दों में निंदा की हैं। सतीश चेयरमैन ने कहा कि समाज में एकता की दुहाई देने वाले यशपाल मलिक व राजकुमार सैनी ने जिस प्रकार 2016 में समाज को लड़ाने का कुकृत्य किया, उसका खामियाजा सारा हरियाणा भुगत रहा है। चेयरमैन ने मलिक को नसीहत दी कि छोटूराम धाम को लेकर जो आगामी 7 मार्च को सर्व खाप पंचायत बुलाई गई है, उसमें स्वयं हाजिर होकर जाट सेवा संघ के संविधान में जो गड़बड़ी कर रखी है, के बारे में पंचायत में जवाब देना चाहिए न कि झूठी बयानबाजी करके समाज को आपस में लड़ाने का काम करना चाहिए।

### स्टेशनों पर सेनेटरी पैड अनिवार्य करने की मांग

**हिसार।** सामाजिक कार्यकर्ता मोहन सिंह रौतेला ने देशभर के रेलवे स्टेशनों पर महिलाओं एवं छोटे बच्चों के लिए अनिवार्य स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में रेल मंत्री को ईमेल भेजकर तथा प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत पोर्टल पर औपचारिक शिकायत दर्ज कर रेल मंत्रालय का ध्यान इस गंभीर विषय की ओर दिलाया है। रौतेला का कहना है कि प्रतिदिन लाखों महिलाएं रेल यात्रा करती हैं, लेकिन अनेक स्टेशनों पर सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनों और बच्चों के लिए बुनियादी हाइजीन किट की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। यात्रा के दौरान आपात स्थिति में महिलाओं को असुविधा और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

---

प्रिंटिंग दिवस के उपलक्ष्य पर गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में हुआ टेकफेस्ट एवं सेमिनार

# समय के साथ प्रिंटिंग ने खुद को विकसित कर नई तकनीकों को अपनाया: बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि प्रिंटिंग केवल कागज पर अक्षर छापने की प्रक्रिया नहीं, यह विचारों को समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। समय के साथ प्रिंटिंग ने स्वयं को बदला है, विकसित किया है और नई तकनीकों को अपनाया है।

कुलपति प्रो. बिश्नोई विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विभाग के सौजन्य से प्रिंटिंग दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित टेकफेस्ट एवं सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा रहे। डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रो. संदीप कुमार आर्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना ने की। प्रिंटिंग के जनक जोनस गुटेनबर्ग के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में कुलपति ने कहा कि आने वाले समय में प्रिंटिंग उद्योग और अधिक स्मार्ट, कनेक्टेड और डेटा-ड्रिवन होगा। विशेषरूप से थ्री-डी प्रिंटिंग, स्मार्ट पैकेजिंग तथा इन्ट्रक्टिव प्रिंट का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम का थीम 'भविष्य का प्रिंट' रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए प्रिंट-क्विज, प्रिंट एक्सटेम्पोर, प्रिंट पोस्टर डिजाइन, रंगोली एवं प्रिंट-प्रेजेंटेशन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



**हिसार।** प्रिंटिंग दिवस पर आयोजित टेकफेस्ट में विजेता छात्रा को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे विजेता

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. बिजेंद्र कौशिक ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में बी.टेक तृतीय वर्ष की छात्राएं कुसुम एवं लावण्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंट एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में सत्य देव सिंह एवं सलोनी ने प्रभावशाली अभिव्यक्ति के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। प्रिंट प्रेजेंटेशन में ऋतेश विजेता रहे, जबकि पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता में बी.टेक तृतीय वर्ष के छात्र साहिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंट क्विज प्रतियोगिता में 'रंगीला रोलर्स' टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया।

---

## जूनियर वर्ग में सोनीपत को हराकर हिसार बना चैंपियन

▪ सीनियर वर्ग के फाइनल हिसार व सोनीपत का मुकाबला आज

**हिसार।** हरियाणा हॉकी 19वीं जूनियर व 37वीं सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से बुधवार को जूनियर वर्ग का फाइनल हिसार व सोनीपत के बीच खेला गया। इस मैच में हिसार ने सोनीपत को 2-0 से हराया। इससे पूर्व बुधवार को पहला सेमीफाइनल मैच सीनियर वर्ग का सोनीपत व फतेहाबाद के बीच खेला गया। इसमें सोनीपत ने फतेहाबाद को 2-0 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल मैच हिसार व कुरुक्षेत्र टीमों के बीच खेला गया। इसमें हिसार ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कुरुक्षेत्र को 3-0 से हराया। हॉकी हिसार के महासचिव प्रो. डा. आजाद मलिक ने बताया की फाइनल मैच में मुख्य अतिथि आचार्य विकास मलिक ओस आर्युवेदा निदेशक, विशिष्ट अतिथि पदमश्री अवार्डी सरदार बलदेव सिंह ने सभी खिलाडियों को अपना आर्शीवाद व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हॉकी इंडिया महासचिव प्रो. सुनील मलिक, पूर्व जिला खेल अधिकारी विरेन्द्र सिंह, दिलबाग मलिक, राजेश साई आदि थे। सीनियर वर्ग का फाइनल मैच गुरुवार को खेला जाएगा।




**हिसार।** जूनियर वर्ग की विजेता हिसार टीम। *फोटो : हरिभूमि*

---

## भारतीय मजदूर संघ ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, सौंपा ज्ञापन

**केंद्र सरकार पर बजट से पहले दिए सुझाव की अनदेखी का आरोप**




हिसार। प्रदर्शन करते भारतीय मजदूर संघ कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारतीय मजदूर संघ ने अपनी मांगों के समर्थन में रोष प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री, केंद्रीय श्रम मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। इससे पूर्व भारतीय मजदूर संघ से जुड़े सभी संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता क्रांतिमान पार्क में एकत्रित हुए और सभा का आयोजन किया। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विकास बिश्नोई ने की तथा संचालन जिला मंत्री विक्रम श्योराण ने किया। भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख सुनील ढिल्लों विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ताओं ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ ने बजट से पहले सुझाव देते हुए अनेक अहम मांगों को केंद्र सरकार के समक्ष रखा था, परंतु सरकार का बजट अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा। उन्होंने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से श्रम कानूनों को पूरी तरह से लागू करना, ईपीएफ व ईएसआई की मौजूदा लिमिट को बढ़ाना, ईपीएस -95 के तहत पेंशन बढ़ोतरी करना, आंगनबाड़ी, मिड डे मिल व आशा वर्कर आदि स्कीम वर्करों को कर्मचारी का दर्जा देना, कर्मचारियों का पक्का करने सहित राज्य सरकार से संबंधित मांगों को उठाया गया है।

---

## युवाओं के अनुशासन व नवाचार से होगी अभिनव भारत की परिकल्पना साकार

- मुकलान में गुजवि की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न
- डॉ. वंदना बिश्नोई ने शिविर के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई ने कहा है कि डिजिटल जागरूकता केवल तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है। जब युवा शक्ति सेवाभाव, अनुशासन और नवाचार के साथ ग्राम समाज से जुड़ती है, तब अभिनव भारत की परिकल्पना साकार होती है।

डॉ. वंदना बिश्नोई बुधवार को गुजवि की राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना इकाई के सौजन्य से ग्राम मुकलान में आयोजित विशेष ग्रामीण शिविर के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थी। मुख्य वक्ता के रूप में कुलपति के सलाहकार प्रो. संदीप राणा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. सुजाता सिंह सांघी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुकलान के प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह दुहन तथा ग्राम सरपंच राजेश मंचासीन रहे। अध्यक्षता एसएसएस इकाई की संयोजक डॉ. अंजू गुप्ता ने की। स्वयंसेवकों द्वारा 'वेस्ट फॉर बेस्ट' मॉडल प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खुशबू सेठी ने धन्यवाद किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामस्वरूप द्वारा शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। पारितोषिक वितरण समारोह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीता रानी की देखरेख में सम्पन्न हुआ।




**हिसार।** एनएसएस शिविर के समापन समारोह में मुख्यातिथि डॉ. वंदना बिश्नोई के साथ प्रतियोगिताओं के विजेता स्वयंसेवक। *फोटो : हरिभूमि*

---

'सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव' पर हुई प्रतियोगिता

## बीए द्वितीय वर्ष की अलीशा रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के दयानंद कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की ओर से 'सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. रेनू राठी एवं डॉ. शर्मिला गुणपाल ने विषय-वस्तु, प्रस्तुति शैली तथा विचारों की मौलिकता के आधार पर किया गया।

प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अलीशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आशु (माइनर कोर्स) तथा बीए तृतीय वर्ष के भूपेंद्र ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. यशु राय तायल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेताओं एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई दी।



**हिसार।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते कॉलेज पदाधिकारी।

---

## न्यूज डायरी



### यातायात नियम हमारी और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी : डॉ. सहरावत

**हिसार।** फतेहचंद महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सूरज कराटे एकेडमी से हरीश ने स्वयंसेविकाओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाए। ट्रैफिक पुलिस के एएसआई कमल ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों पर स्वयंसेविकाओं को जागरूक करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने कहा कि यातायात नियम हमारी और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। समर्पित महिला सुरक्षा टीम हिसार से एसआई ममता और हेड कांस्टेबल किरण ने छात्राओं को महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा सम्बंधी कानूनों तथा हैल्पलाइन नम्बरों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कैलाश और अल्पना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### लंबित मामलों का आपसी सहमति से सुलभ माध्यम है लोक अदालत : सीजेएम

**हिसार।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने कहा है कि राष्ट्रीय लोक अदालत लंबित अदालती मामलों के समाधान का सुलभ और त्वरित माध्यम है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों तथा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका मलिक के दिशा निर्देशों पर आगामी 14 मार्च को हिसार स्थित न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों के केस न्यायालयों में लंबित हैं, वे उनका निपटारा लोक अदालत के माध्यम से करवा सकते हैं। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक व पारिवारिक विवादों के साथ-साथ आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम संबंधी विवाद, बैंक ऋण वसूली, बिजली से जुड़े मसले, पेंशन, हाउस टैक्स सहित कई प्रकार के मामलों का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### मनरेगा कानून के विरोध में विकलांगों ने लघु सचिवालय के समक्ष दिया धरना

**हिसार।** विकलांग अधिकार मंच हरियाणा की जिला कमेटी के बैनर तले लघु सचिवालय के समक्ष मनरेगा कानून को लेकर धरना-प्रदर्शन कर अधिकारियों को ज्ञापन सोंपा गया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान कृष्ण गुरी ने की जबकि संचालन संदीप ने किया। विकलांग अधिकार मंच के राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली ने विशेष रूप से अपने विचार रखे। विकलांग अधिकार मंच हरियाणा की जिला कमेटी ने प्रशासन की मार्फत मुख्यमंत्री के नाम पत्र जारी कर हरियाणा सरकार को अवगत करवाया कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा की जगह वीबी जी राम जी कानून लेकर आई है, जोकि गरीब जनता व विकलांगों के लिए हितकारी नहीं है, इसमें अधिकार सुरक्षित नहीं है इसलिए इसे रद करके मनरेगा को बहाल किया जाए। धरने को ऋषिकेश राजली, कृष्ण गुरी, मीनू सिंगला, राजेश सलेमगढ़, संदीप, नसीब राजली, बलराज, देवेंद्र लोरा आदि ने संबोधित किया।



### डॉ. कनिष्ठ बत्रा व डॉ. पूजा जांगड़ा ने बढ़ाया लुवास का गौरव, दोनों वैज्ञानिकों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के दो वैज्ञानिकों ने 26वीं भारतीय पशु चिकित्सा कांग्रेस एवं 33वें वार्षिक सम्मेलन तथा राष्ट्रीय संगोष्ठी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। ये दोनों वैज्ञानिक डॉ. कनिष्ठ बत्रा व डॉ. पूजा जांगड़ा है। यह सम्मेलन 'वैश्विक परिप्रेक्ष्य में पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन (पोल्ट्री एवं वन्यजीव सहित) में प्रगति एवं उभरती प्रवृत्तियां' विषय को उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के इज्जतनगर स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया गया। सम्मेलन से लौटने के उपरांत दोनों वैज्ञानिकों ने कुलपति सचिवालय में कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा से शिष्टाचार भेंट की तथा सम्मेलन में प्राप्त उपलब्धियों एवं अनुभवों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज, डॉ. सुशीला मान, डॉ. राजेश छाबड़ा आदि मौजूद थे। डॉ. कनिष्ठ बत्रा ने 'प्रारंभिक गर्भावस्था पहचान के लिए प्रोटीन का द्वि-आयामी विश्लेषण' विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया। इस शोध में प्रोटिओमिक तकनीक के माध्यम से प्रारंभिक गर्भावस्था की पहचान की एक नवीन विधि विकसित करने पर कार्य किया जा रहा है। डॉ. पूजा जांगड़ा ने सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति में द्वितीय पुरस्कार तथा सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति में तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने अपने शोधकार्य के अंतर्गत 'भारतीय गोवंशीय फेज डिस्प्ले लाइब्रेरी से मुंह-खुर रोग विषाणु के विरुद्ध एकल-श्रृंखला परिवर्तनशील खंड आधारित पुनः संयोजित प्रतिरक्षी अणुओं का पृथक्करण एवं लक्षण वर्णन' विषय पर प्रस्तुति दी।

### डीसीबी बैंक ने मनाई 10वीं वर्षगांठ

**हिसार।** रेड स्कवेयर मार्केट स्थित डीसीबी बैंक शाखा ने अपनी 10वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने अपने ग्राहकों के साथ बैंकिंग सुविधाओं को लेकर अनुभव सांझा किए। बैंक के मैनेजर भारत सैनी ने बताया कि बैंक अपने ग्राहकों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने को हमेशा तत्पर है। बीते वर्ष में बैंक ने नई उंचाइयों को छुआ है जो एक स्थिर बैंक को दर्शाता है। भविष्य में भी बैंक दिनोंदिन प्रगति पर अग्रसर है। इस दौरान बैंक के ग्राहकों ने भी बैंकिंग कार्यप्रणाली को सराहा।

---

आयकर विभाग ने सेक्टर 14 स्थित आयकर भवन में किया आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

# करदाताओं के साथ विश्वास निर्माण और विवादों से बचने के महत्व पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आयकर विभाग ने सेक्टर 14 स्थित आयकर भवन में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रधान आयकर आयुक्त, रोहतक ज्योत्सना जौहरी मुख्य अतिथि रही। इस अवसर पर, संयुक्त आयकर आयुक्त (ओएसडी ) डा. पूनम सिंह ने हिसार रेंज की गतिविधियों और उपलब्धियों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने करदाताओं के साथ विश्वास निर्माण और विवादों से बचने के महत्व पर जोर दिया।

प्रधान आयकर आयुक्त ज्योत्सना जौहरी ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन मे कहा कि आयकर विभाग का उद्देश्य करदाताओं के साथ सहयोग और विश्वास के आधार पर काम करना है, ताकि देश की आर्थिक विकास में योगदान दिया जा सके। उन्होंने करदाताओं को आत्म-मूल्यांकन करों से बचने, अधिक सटीक अग्रिम करों का भुगतान करने, और बेहतर और समय पर अनुपालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।




**हिसार।** आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित करते आयकर अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### आयकर विभाग करदाताओं के साथ : बंसल

हिसार रेंज के संयुक्त आयकर आयुक्त हर्षित बंसल ने बताया कि इस आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य आयकर विभाग और करदाताओं के बीच संवाद व जागरूकता को बढ़ावा देना है। हम करदाताओं को आश्वस्त करना चाहते हैं कि आयकर विभाग उनके साथ है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार है।

#### अधिकारियों ने दिए सवालों के जवाब

कार्यक्रम में कर प्रैक्टिशनर्स, टैक्स बार एसोसिएशन हिसार ,चार्टर्ड एकाउंटेंट एसोसिएशन हिसार ,व्यवसाय और बाजार संघों के प्रतिनिधिमंडल और प्रमुख करदाताओं सहित कुल 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एक प्रश्न-उत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न पूछे और आयकर अधिकारियों से सन्तोषजनक उत्तर प्राप्त किए। इस अवसर पर हिसार रेंज के आयकर अधिकारी कृष्ण कुमार सैनी, रोहतास सिंह, सन्नी मित्तल, अंकित ढाका, फूल कुमार मलिक, पवन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

# यह सिर्फ प्रश्नोत्तरी ही नहीं, चिंतन मंथन और ज्ञान का मंच : प्रो. चाबा

▪ गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में 'कैमरा लाइट क्विज' का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में 'कैमरा लाइट क्विज' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कैमरा एंगल, लाइटिंग तकनीक, शॉट्स, एक्सपोजर और फिल्म निर्माण से जुड़े प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. योगेश चाबा ने की। प्रो. योगेश चाबा ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, विश्लेषण क्षमता और मीडिया समझ को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सफल पहल है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक प्रश्नोत्तरी ही नहीं, चिंतन मंथन और ज्ञान का मंच है। प्रो. विक्रम कौशिक ने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास और नवीन तकनीकों को सीखने की सलाह दी। प्रश्नोत्तरी का आयोजन डॉ. मिहिर रंजन पात्र के मार्गदर्शन में किया गया। संचालन एमए प्रथम वर्ष की छात्राओं वैदेही, प्रेरणा और भूमि द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तरी की थीम 'कैमरा और सिनेमेटोग्राफी' रही, जिसमें पांच चरण शामिल थे। डॉ. पात्र ने इस आयोजन के प्रायोजक सुरेश स्टेशनर को भी धनयवाद दिया।



**हिसार।** प्रश्नोत्तरी विजेता टीम परीना, वंश और भूमिका के साथ शिक्षकगण। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे परिणाम

टीम 'ब्रेनस्टॉर्मर्स के वंश, परीना और भूमिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान मुस्कान, ईशाना और सोनू ने प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान किल टीम में कोमल, ईशान और लक्की ने हासिल किया। इस अवसर पर डॉ. सुनैना डॉ. कुसुम लता, डॉ भूपेंद्र एवं प्रवीण भी उपस्थित रहे।